अमर उजाला
21|02|2023

# आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में लगाई पदकों की झड़ी



पदक दिखाते गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के विद्यार्थी। संवाद

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी ने आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक मेन, आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक वूमेन और रिदमिक जिम्नास्टिक वूमेन इंटर कॉलेज की प्रतियोगिताओं पर कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता 16-17 फरवरी को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई।

आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में जितेंद्र और रुचि सभी दौरों में अच्छे जिम्नास्ट बने। वहीं, जितेंद्र ने छह स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य पदक, सुनीत ने एक स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य पदक, हिमांशु ने दो स्वर्ण और प्रेम ने एक स्वर्ण, एक रजत, यश ने एक स्वर्ण, दो कांस्य पदक प्राप्त किए। इसी प्रकार हरमन एक रजत, रुचि भट्ट ने चार स्वर्ण, एक रजत व कृतिका एक स्वर्ण, एक कांस्य व सुनीता शाही ने एक स्वर्ण, एक रजत और सिमरन निधि काजल ने एक-एक स्वर्ण प्राप्त किया। रिचा प्रोच ने चार स्वर्ण, दो रजत, हिना वर्षा और नैंनसी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने पदक विजेताओं को बधाई दी। संवाद